भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1917**
उत्तर देने की तारीख 22 सितंबर, 2020
31 भाद्रपद, 1942 (शक)

## तीरंदाजी खेल

**1917. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः**
**श्री सुधीर गुप्ताः**
**श्री बिद्युत बरन महतोः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि तीरंदाजी खेल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उचित महत्व नहीं मिल रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार देश में खेल कोटे के अंतर्गत भर्ती करते समय भी तीरंदाजी खेल पर ध्यान नहीं दे रही है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं; और

(ङ) देश में तीरंदाजी को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) और (ख) : सरकार तीरंदाजी खेल विधा को समुचित महत्व प्रदान कर रही है । तीरंदाजी को "उच्च प्राथमिकता" की श्रेणी में रखा गया है ताकि इसे राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता की स्कीम के अंतर्गत सरकार से अधिकतम वित्तीय सहायता और अन्य प्रकार की सहायता प्राप्त हो सके । तीरंदाजी खेल, चूंकि ओलंपिक्स कार्यक्रम का हिस्सा है, इसलिए तीरंदाजों को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में भी शामिल किया जाता है और उन्हें उनके कस्टमाइज्ड प्रशिक्षण के लिए सहायता प्रदान की जा रही है ।

(ग) और (घ) : तीरंदाजी को केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में खेल कोटा रिक्तियों पर समूह “ग” पदों के लिए मेधावी खिलाड़ियों की भर्ती के लिए पात्रता प्राप्त खेल विधाओं की सूची में पहले से ही शामिल किया गया है ।

(ङ) यह मंत्रालय अपनी और साई की विभिन्न स्कीमों के माध्यम से तीरंदाजी को बढ़ावा दे रहा है । साई की खेल संवर्धन स्कीमों के अंतर्गत तीरंदाजों को देशभर में स्थित साई केंद्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है । इसके अलावा, तीरंदाजी को खेलो इंडिया यूथ गेम्स और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में शामिल किया गया है । अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी स्पर्धाओं में भारतीय तीरंदाजों की तैयारी और प्रतिभागिता के लिए राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता की स्कीम के अंतर्गत वित्तीय और अन्य प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है ।

****